an>

Title: Situation arising out of heavy snowfall and extreme cold weather in several states of Northern India.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदया, मैं आपका अत्यंत आभारी हूँ कि आपने एक अत्यंत लोक महत्व के सुनिश्चित प्रश्न पर मुझे बोलने की अनुमति दी है।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि प्रायः रोजगार की दिशा में गाँव से लोग मजदूरी करने के लिए, रिक्शा चलाने के लिए, कुली का काम करने के लिए, श्रम का काम करने के लिए शहरों में आते हैं, लेकिन जिस तरह से उत्तर भारत के उत्तर प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, बिहार में इस मौजूदा समय में जिस तरह की ठंड है, जिस तरह की गलन है, 7 डिग्री सेल्सियस से नीचे टेंपरेचर हो गया है। उस ठंड के कारण और रैन बसेरा न होने के कारण लोगों को दिल्ली की सड़कों पर, लखनऊ में राजधानी की सड़कों पर, नगर पालिकाओं में, गरीब जो दिन भर मेहनत करते हैं, ठंड में रैन बसेरे के अभाव में उनकी मौत हो रही है। लगभग 156 लोगों की मौत अब तक हो चुकी है।

मैं आपके माध्यम से माँग करता हूँ कि कम से कम रैन बसेरों की सुविधा हो। चौराहों पर रात को जो श्रमिक, कुली, रिक्शा वाले हैं, उनके लिए अलाव जलाने के प्रबंध हो, क्योंकि निश्चित तौर से कल्याणकारी राज्य में एक अवधारणा है, चाहे राज्य सरकार हो, स्थानीय निकाय की सरकारें हों, वहाँ ऐसा होना चाहिए। आज रेलगाड़ियाँ, हवाई जहाज, सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, पंगु हो गया है। मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे एक अत्यंत महत्वूपर्ण प्रश्न को उठाने की अनुमति दी है। केन्द्र सरकार निश्चित तौर से इस पर संज्ञान लेगी और राज्य सरकारों को, स्थानीय निकायों को निर्देशित करेगी और ठंड से होने वाली मौतों को बचाने के लिए कार्रवाई करेगी।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.10 p.m.

13.09 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Ten Minutes

past Fourteen of the Clock.

14.14 hrs

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Fourteen Minutes past

Fourteen of the Clock.

(Hon. Deputy-Speaker *in the Chair*)